## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### त्रिदिवसीय प्रदर्शनी उद्घाटीत

### हिंदी विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रदर्शनी का कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने किया उद्घाटन

**वर्धा, 05 अगस्त 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2026 के तहत अटल बिहारी वाजपेयी भवन स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय में आयोजित प्रदर्शनी




का उद्घाटन मंगलवार 04 अगस्त को कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी 06 अगस्त तक आयोजित रहेगी। इस अवसर पर कुलसचिव कादर नवाज ख़ान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र गादेवार, वित्त अधिकारी पी. सरदार सिंह, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, जनसंचार विभाग के प्रो. कृपाशंकर चौबे, विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी सहित अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रदर्शनी में उपलब्ध पांडुलिपियों एवं अन्य दुर्लभ पत्रिकाओं की जानकारी संग्रहालय प्रभारी डॉ. अमित विश्वास ने प्रदान की।

इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के संग्रहालय में उपलब्ध 19वीं सदी से अब तक की ऐतिहासिक महत्त्व की पत्रिकाएँ और पांडुलिपियाँ सुरक्षित हैं, इन कृतियों को देखने और पढ़ने का अनुभव साहित्य इतिहास के जीवंत स्पर्श का अहसास कराता है। संग्रहालय में तुलसीदास रचित हनुमान बाहुक, विजय दोहावली, विनयपत्रिका सटीक, षोड्श रामायण, कुंडलिया रामायण सहित हजारों महत्त्वपूर्ण पांडुलिपियाँ संरक्षित की गई हैं। हिंदी की साहित्यिक धरोहर के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर संग्रहालय में उपलब्ध सामग्री प्रदर्शनी में लगायी गई है। विश्वविद्यालय ने सभी स्कूलों महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से प्रदर्शनी देखने की अपील की है।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## त्रिदिवसीय प्रदर्शनाचे उद्घाटन

## हिंदी विश्वविद्यालयात भारतीय ज्ञानपरंपरा प्रदर्शनाचे कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या हस्ते उद्घाटन

**वर्धा, ५ ऑगस्ट २०२६ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात राष्ट्रीय शिक्षण धोरण - 2020 ला सहा वर्षे पूर्ण झाल्याच्या निमित्ताने आयोजित अखिल भारतीय शिक्षण समागम-2026 अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी भवनातील स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालयात भारतीय ज्ञानपरंपरेवरील त्रिदिवसीय प्रदर्शनाचे उद्घाटन मंगळवार, ४ ऑगस्ट रोजी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या हस्ते करण्यात आले. हे प्रदर्शन ६ ऑगस्टपर्यंत सर्वांसाठी खुले राहणार आहे.

यावेळी कुलसचिव कादर नवाज खान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र गादेवार, वित्त अधिकारी पी. सरदार सिंह, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, जनसंचार विभागाचे प्रो. कृपाशंकर चौबे, विधी विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी यांच्यासह विश्वविद्यारलयातील प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते. प्रदर्शनात मांडण्यात आलेल्या हस्तलिखिते व इतर दुर्मिळ नियतकालिकांची माहिती संग्रहालय प्रभारी डॉ. अमित विश्वास यांनी उपस्थितांना दिली.

या प्रदर्शनात विश्वविद्यालयाच्या संग्रहालयात जतन करण्यात आलेल्या एकोणिसाव्या शतकापासून आजपर्यंतच्या ऐतिहासिक महत्त्वाच्या नियतकालिकांचा तसेच दुर्मिळ हस्तलिखितांचा समावेश आहे. या अमूल्य साहित्यकृतींचे दर्शन आणि वाचन करताना साहित्याच्या इतिहासाचा जिवंत अनुभव मिळतो. संग्रहालयात गोस्वामी तुलसीदास लिखित हनुमान बाहुक, विजय दोहावली, विनयपत्रिका सटीक, षोडश रामायण, कुंडलिया रामायण यांसह हजारो महत्त्वपूर्ण हस्तलिखितांचे जतन करण्यात आले आहे.

हिंदी साहित्याच्या समृद्ध वारशाच्या माध्यमातून भारतीय ज्ञानपरंपरेची ओळख करून देणारी संग्रहालयातील निवडक सामग्री या प्रदर्शनात मांडण्यात आली आहे. विश्वविद्यालयाने सर्व शाळा, महाविद्यालयाचे शिक्षक व विद्यार्थ्यांना या प्रदर्शनीला भेट देण्याचे आवाहन केले आहे.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305